वर्ष-01, अंक- 330

छपरा

6 अक्टूबर रविवार 2024

पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live

### चेन्नई एयरपोर्ट पर उतरते वक्त विमान का टायर फटा, मस्कट से 146 यात्रियों को लेकर आया था

**चेन्नई,एजेन्सी।** चेन्नई अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते वक्त विमान का टायर फट गया। विमान मस्कट से 146 यात्रियों को लेकर आया था। अधिकारियों ने बताया कि यात्री सुरक्षित हैं। बताया गया कि मस्कट से आ रहा विमान चेन्नई एयरपोर्ट पर उतरा ही था कि उसका पीछे का एक टायर फट गया। इससे विमान में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने बताया कि विमान की वापसी यात्रा रद्द कर दी गई है और सभी यात्रियों को शहर के विभिन्न होटलों में ठहराया गया है।

**जयशंकर का दावा**

### पीएम मोदी की पुतिन और जेलेंस्की के साथ मुलाकातें बातचीत प्रक्रिया की शुरुआत

**नई दिल्ली,एजेन्सी।** एक समाचार चैनल से बातचीत करते हुए जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी उन बहुत कम विश्व नेताओं में से एक हैं, जिनमें दोनों नेताओं से बात करने की क्षमता है, जो उन पर विश्वास करते हैं। यूक्रेन संघर्ष में मध्यस्थता में भारत की भूमिका पर एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हम क्या करने की कोशिश कर रहे हैं? आपको जरूरी नहीं कि मध्यस्थता करनी पड़े, कभी-कभी आपको बातचीत करनी पड़ती है। हम वास्तव में, एक साथ दो देशों से बात कर रहे हैं, जो एक-दूसरे के साथ संघर्ष कर रहे हैं।

**जेलेंस्की के साथ तीन, पुतिन के साथ एक बैठक की** :एस. जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के साथ कम से कम तीन और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ एक बैठक की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भी सितंबर में पुतिन से मुलाकात की और उन्हें मोदी की जेलेंस्की के साथ चर्चा के बारे में जानकारी दी। विदेश मंत्री ने कहा, जाहिर है कि यह बातचीत इस बात पर केंद्रित है कि संघर्ष किस बारे में है।

### बेंगलुरु के 3 कॉलेजों को बम से उड़ाने की धमकी

**बेंगलुरु (एजेन्सी)।** बेंगलुरु के 3 इंजीनियरिंग कॉलेजों में बम होने की धमकी मिलने से सनसनी फैल गई। बीएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, एमएस रामैया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और बैंगलोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को शुक्रवार को धमकी भरा ईमेल आया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, धमकी भरा ईमेल संदेश मिलने के बाद कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने तत्काल कार्रवाई की। धमकी की पुष्टि के लिए बम निरोधक दस्ते और विशेष टीमों को तैनात किया गया। इसके स्रोत का पता लगाने के लिए हनुमंत नगर पुलिस थाने में केस दर्ज किया गया है। कॉलेज प्रशासन ने छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए एहतियाती कदम उठाए हैं।

पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और परिसर की गहन तलाशी ली गई। संबंधित कॉलेजों के प्रिंसिपल्स ने कहा कि वे अपने छात्रों और कर्मचारियों की सुरक्षा को बहुत गंभीरता से लेते हैं और अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग किया गया। स्थिति नियंत्रण में है और वे छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि सभी आवश्यक सावधानियां बरती गई और बम निरोधक दस्ता मौके तुरंत पहुंच गया। हालांकि, घंटों की तलाशी के बाद अधिकारियों ने बताया कि उन्हें कोई विस्फोटक नहीं मिला। ऑफिसर ने कहा, %यह फर्जी मेल था, लेकिन हम इसे बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। हनुमंत नगर पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है। हम ईमेल के स्रोत की जांच कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, धमकी भरे ईमेल तमिलनाडु यूनिट के बीजेपी नेता एस शेखर के अकाउंट से भेजे गए थे। शेखर लोकप्रिय अभिनेता और पूर्व विधायक भी हैं। ईमेल में दावा किया गया कि साजिश के हिस्से के रूप में चुनिंदा कॉलेजों में बम रखे गए हैं। इसमें आरोप लगाया गया कि ये धमकियां डीएमके से जुड़े जाफर सादिक के मामले से मीडिया का ध्यान हटाने के लिए हैं।

**मोदी बोले- हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे**

# कांग्रेस का मकसद बांटो और सत्ता में रहो, वे दलित-आदिवासियों को अपने बराबर नहीं समझते

**मुंबई ,एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे की रैली में कहा- कांग्रेस और उनके सहयोगियों का एक ही मिशन है- बांटो और सत्ता में रहो। वह जानती है उसका वोट बैंक एक रहेगा। हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे, जश्न मनाएंगे। कांग्रेस को अर्बन नक्सल गैंग चला रहे हैं। वह देश विरोधियों के साथ खड़ी है।

वे (कांग्रेस) सोचते हैं कि अगर हम सभी एकजुट हो जाएंगे, तो देश को बांटने का उनका एजेंडा फेल हो जाएगा। कांग्रेस की सोच शुरू से ही विदेशी रही है। अंग्रेजी हुकूमत की तरह कांग्रेस परिवार भी दलित, पिछड़ों और आदिवासियों को अपने बराबर नहीं समझता।

इससे पहले उन्होंने वाशिम में कई परियोजनाओं के उद्घाटन के बाद एक कार्यक्रम में कहा कि हाल ही में दिल्ली में हजारों करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त की गई है। एक कांग्रेस नेता ड्रग्स रैकेट का सरगना है। कांग्रेस युवाओं को नशे की लत में धकेलकर मिलने वाले पैसे से चुनाव लड़ना चाहती है।



दरअसल, दिल्ली के महरौली में 2 अक्टूबर को 560 किलोग्राम कोकीन जब्त की गई। बाजार में इसकी कीमत करीब 5600 करोड़ है। इसका मुख्य आरोपी तुषार गोयल 2022 में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस की RTI सेल का चेयरमैन रह चुका है। आरोपी की सोशल मीडिया प्रोफाइल पर भी RTI सेल चेयरमैन, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस लिखा हुआ है।

**पीएम ने जगदंबा माता मंदिर में पूजा की, नगाड़ा बजाया** :पीएम मोदी ने वाशिम के पोहरादेवी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद नगाड़ा बजाया।

मोदी ने वाशिम से महाराष्ट्र दौरे की शुरुआत की। उन्होंने पोहरादेवी में जगदंबा माता मंदिर में पूजा-अर्चना की और पारंपरिक ढोल बजाया। इसके बाद संत सेवालाल महाराज और संत रामराव महाराज की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसके बाद पीएम मोदी ने वाशिम में बंजारा विरासत म्यूजियम का उद्घाटन किया। फिर एक कार्यक्रम में पीएम-किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी की। पीएम ने वाशिम में करीब 23,300 करोड़ रुपए की कृषि और पशुपालन क्षेत्र से जुड़ी योजनाओं की शुरुआत की।

पीएम मोदी आज महाराष्ट्र में कुल 56,000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स की शुरुआत करने वाले हैं। वे ठाणे में 32,800 करोड़ रुपए से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

इसके बाद पीएम मुंबई में लगभग 14,120 करोड़ रुपए की लागत वाली मुंबई मेट्रो लाइन- 3 के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स से आरे जोगेश्वरी-विक्रोली लिंक रोड (JVLR) सेक्शन का उद्घाटन करेंगे। फिर BKC और सांताक्रूज के बीच मेट्रो में सवारी भी करेंगे।



## राहुल ने कोल्हापुर में शिवाजी की प्रतिमा का अनावरण किया

### बोले- सिंधुदुर्ग में मूर्ति टूटी क्योंकि नीयत साफ नहीं थी, हम उसी विचारधारा के खिलाफ

**मुंबई,एजेन्सी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि लोगों को डराने और देश में संविधान को नष्ट करने के बाद शिवाजी महाराज के सामने झुकने का कोई फायदा नहीं है। वे कोल्हापुर में शिवाजी महाराज की मूर्ति का अनावरण करने पहुंचे थे। राहुल ने कहा- नीयत दिख जाती है। उसे छिपा नहीं सकते। उन्होंने मूर्ति बनाई, जो कुछ दिन बाद टूट गई। उनकी नीयत गलत थी। शिवाजी महाराज की मूर्ति ने मैसेज दिया कि आप मूर्ति बनाओगे तो शिवाजी विचारधारा की रक्षा भी करनी पड़ेगी। इसके बाद वे संविधान सम्मेलन में शामिल हुए। जहां उन्होंने कहा कि आरक्षण से 50त्न की सीमा को हटाने के लिए कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक कानून लेकर आएगी। विधानसभा चुनाव से पहले राहुल का यह दौरा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरुआत मानी जा रही है।

## टीवीके ने धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार व्यक्ति से किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया

**चेन्नई ।** अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) ने अपने पदाधिकारी को धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किए जाने की खबरों के बाद स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि राजा नामक व्यक्ति का पार्टी से कोई संबंध नहीं है। थांथी टीवी की एक रिपोर्ट के अनुसार, मीडिया में ऐसी खबरें फैल रही हैं कि अभिनेता विजय द्वारा गठित पार्टी के एक पदाधिकारी राजा को पुलिस ने एक स्कूल शिक्षक के नाम पर कथित तौर पर जाली दस्तावेज बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस पर पार्टी के करूर जिला अध्यक्ष मथियालगन ने स्पष्टीकरण जारी कर राजा के साथ किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया है। बयान में कहा गया है, राजा और टीवीके के बीच कोई संबंध नहीं है। उन्हें पार्टी में कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई है। राजा को एक स्कूल शिक्षक के नाम पर जाली दस्तावेज तैयार कर कार खरीदने के कथित धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।



## पैगंबर मोहम्मद पर यति नरसिंहानंद की टिप्पणी से बवाल

### यूपी में कई जगह पथराव, असदुद्दीन ओवैसी बोले-उनकी जमानत रद्द हो

**नई दिल्ली ,एजेन्सी।** गाजियाबाद के डासना शिवशक्ति धाम के महंत और जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी करने के बाद फिर से चर्चा में बने हुए हैं। एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने इस मामले में यति नरसिंहानंद के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। एआईएमआईएम के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मेरे साथ एआईएमआईएम विधायकों ने हैदराबाद के कमिश्नर सीवी आनंद से मुलाकात की। हमने एक ज्ञापन भी दिया है। इसमें हमने मांग की है कि यति नरसिंहानंद सरस्वती ने अपने एक भाषण में एक वीडियो में पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है। उन्होंने आगे कहा कि पहले भी वह ऐसी टिप्पणियों के लिए जेल जा चुके हैं। उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए। हमने सोशल मीडिया से अपमानजनक सामग्री को हटाने की भी मांग की है। ओवैसी ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस मामले की निंदा क्यों नहीं कर रही है। ओवैसी ने कहा कि हम उनकी तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हैं।

# दिन में 8 घंटे 20% तक सस्ती बिजली मिलेगी

**शाम 5 से 11 बजे तक इतनी ही मंहगी होगी; घरेलू उपभोक्ता के लिए जल्द हो सकता लागू**

**पटना,एजेन्सी।** बिहार में घरेलू उपभोक्ताओं को दिन में सस्ती और शाम में महंगी बिजली मिलेगी। इसकी तैयारी बिजली कंपनी ने शुरू कर दी है। बिजली कंपनी मुख्यालय के अधिकारियों के मुताबिक फिलहाल औद्योगिक इकाइयों को टाइम ऑफ डे टैरिफ (टीओडी) की सुविधा मिल रही है। अब यह सुविधा राज्य के घरेलू उपभोक्ताओं को देने पर विचार किया जा रहा है।

नवंबर में बिहार विद्युत विनियामक आयोग को दिए जाने वाले टैरिफ प्रस्ताव में इसको शामिल किया जा सकता है। आयोग की अनुमति मिलने के बाद नई व्यवस्था लागू होगी। इसका सीधा फायदा आम लोगों को मिलेगा। अधिकारियों के मुताबिक, यह कंज्यूमर की इच्छा पर निर्भर करेगा। जो उपभोक्ता इस मोड में आना चाहेंगे, उनको टीओडी का लाभ मिलेगा। जो उपभोक्ता रूफटॉप सोलर लगाकर अपने छत पर ग्रिड कनेक्टेड बिजली उत्पादन करते हैं, वैसे उपभोक्ताओं को नेट मीटरिंग से पोस्ट पेड की सुविधा मिलेगी।



राज्य में फिलहाल 2.7 करोड़ बिजली उपभोक्ता हैं। जिसमें 50%ग्रामीण और 33% शहरी क्षेत्र में हैं। बिहार विद्युत विनियामक आयोग की अनुमति के बाद ही यह नई व्यवस्था लागू होगी।

**घरेलू उपभोक्ता के लिए टाइम ऑफ डे टैरिफ क्यों :** केंद्र और राज्य सरकार की ओर से सोलर पावर प्लांट लगाने की पहल है। इसकी बिजली सस्ती है। इस कारण उपभोक्ताओं को ग्रीन एनर्जी सस्ती उपलब्ध होगी। टाइम ऑफ डे टैरिफ की व्यवस्था लागू होने से बिजली की पीक ऑर्वस में उपभोक्ता कपड़े धोने और खाना पकाने जैसे अधिक बिजली खपत वाले कामों को करने से परहेज कर सकेंगे। इससे वो अपने बिजली बिल में बचत कर पाएंगे।

रात में थर्मल पावर प्लांट की बिजली मिलेगी। यह बिजली कोयला खपत होने के कारण महंगी है। ऐसे में रात के समय में एसी या अन्य इलेक्ट्रिक चीजों का इस्तेमाल करने पर अधिक बिजली बिल देना पड़ेगा। टाइम ऑफ डे टैरिफ बिजली की लागत को खपत के समय के आधार पर तय करने का एक तरीका है। इसमें पीक ऑवर में बिजली का रेट ज़्यादा होता है, जबकि ऑफ़-पीक ऑवर में कम । इस टैरिफ़ का मकसद, उपभोक्ताओं को मांग कम होने पर बिजली का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इससे ऊर्जा खपत और ग्रिड लोड को मैनेज करने में मदद मिलती है।

# हरियाणा में 5 बजे तक 61% वोटिंग

**जगाधरी में फर्जी मतदान पर हंगामा, नूंह-हिसार में झड़प; विनेश ने बूथ कैप्चरिंग के आरोप नकारे**



**नई दिल्ल,एजेन्सी।** हरियाणा में विधानसभा की 90 सीटों पर शाम 6 बजे मतदान खत्म हो गया। चुनाव आयोग के शाम 5 बजे तक जारी आंकड़ों के मुताबिक, 61त्न मतदान हुआ है। आगे आंकड़ों में बदलाव हो सकता है। 2019 के विधानसभा चुनाव में 68.20त्न मतदान हुआ था। सबसे ज्यादा 66.28% वोटिंग नूंह में हुई। सबसे कम वोटिंग 49.97 प्रतिशत गुरुग्राम में हुई। रिजल्ट 8 अक्टूबर को आएगा।नूंह में वोटिंग के दौरान 3 जगह बवाल हुआ। कांग्रेस, इनेलो-बसपा और निर्दलीय उम्मीदवारों के समर्थकों के बीच पथराव हो गया। पथराव में 2 लोग घायल हुए हैं। बवाल को देखते हुए चंदेनी, ख्वाजा कलां और गुलालता में पुलिस बल की तैनाती की गई। डीएसपी सुरेंद्र भी गांव का दौरा करने पहुंचे। उधर, जींद के जुलाना से कांग्रेस कैंडिडेट विनेश फोगाट ने बूथ कैप्चरिंग के आरोप नकार दिए हैं। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से पोलिंग हो रही है।कई गांवों का दौरा किया, कहीं भी ऐसी शिकायत नहीं मिली। सुबह भाजपा प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी ने कांग्रेस पर बूथ कैप्चरिंग के आरोप लगाए थे। इस पर वह बूथ पर पहुंचे थे। जहां उनके साथ धक्का-मुक्की हुई थी।

### हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के पोल ऑफ पोल्स

## हरियाणा में 10 साल बाद कांग्रेस की वापसी के आसार, J&K में कांग्रेस-NC बना सकते हैं सरकार

**नई दिल्ली, एजेन्सी।** हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की वोटिंग खत्म होने के बाद एग्जिट पोल के नतीजे सामने आ रहे हैं। हरियाणा में कांग्रेस सरकार में वापसी करती दिख रही है। जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के सत्ता में आने का अनुमान है। ये अनुमान हरियाणा के 12 और जम्मू-कश्मीर के 10 एग्जिट पोल्स में सामने आए हैं। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर की 90-90 सीटों पर वोटिंग पूरी हो चुकी है। नतीजों का ऐलान 8 अक्टूबर को होगा। इन राज्यों में सरकार बनाने के लिए 46 सीटों पर जीत की जरूरत है।

| हरियाणा 13 एजेंसी का सर्वे | भाजपा+ | कांग्रेस+ | अन्य |
|---|---|---|---|
| | 26 | 57 | 7 |

कुल सीट : 90 | बहुमत : 46

| जम्मू-कश्मीर 10 एजेंसी का सर्वे | भाजपा+ | NC+कांग्रेस | PDP | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| | 28 | 41 | 10 | 11 |

# बंगाल में 10 साल की बच्ची का शव मिला

**● परिवार बोला- रेप के बाद हत्या हुई; भीड़ ने चौकी फूंकी, अधिकारियों को बंधक बनाने की कोशिश की**



**कोलकाता,एजेन्सी।** पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना में आज सुबह 10 साल की बच्ची का शव मिला। परिवार ने बच्ची से रेप के बाद उसकी हत्या का दावा किया है। घटना कृपाखाली इलाके के कुलटाली थाना क्षेत्र की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बच्ची 4 अक्टूबर की शाम से लापता थी, लेकिन पुलिस ने एक्शन लेने में देरी की।घटना के विरोध में लोगों ने महिस्मारी पुलिस चौकी को घेरा और पुलिस पर डंडों और पत्थरों से वार किया। लोगों ने पुलिस चौकी में भी तोड़फोड की और आखिर में वहां आग लगा दी। लोगों का आक्रोश देख पुलिसकर्मी चौकी छोड़कर भाग गए।लोगों ने घटनास्थल पर SDPO और अन्य पुलिसकर्मियों को बंधक बनाने की भी कोशिश की। इसके बाद इलाके में भारी पुलिस बल भेजा गया। पुलिस ने भीड़ को काबू करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े।कुलटाली के TMC विधायक गणेश मंडल ग्रामीणों को शांत करने के लिए मौके पर गए, लेकिन लोगों ने उन्हें भी खदेड़ दिया। मंडल ने बाद में मीडिया से कहा कि वे लोगों के गुस्से को समझते हैं, लेकिन उन्हें कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए।

# भारत की मदद से मॉरिशस को मिले अपने आईलैंड

### पीएम जुगनॉथ ने मोदी को धन्यवाद दिया, चागोस पर 50 साल से था ब्रिटेन का कब्जा

**डियोगो गार्सिया (एजेंसी)।** ब्रिटेन से चागोस द्वीप हासिल करने के बाद मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनॉथ ने भारत सरकार और पीएम मोदी का धन्यवाद दिया है।उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि सभी साथी देशों ने उपनिवेशवाद के खिलाफ लड़ाई में उनका साथ दिया है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चागोस द्वीप को लेकर ब्रिटेन और मॉरीशस के बीच लगभग 50 सालों से विवाद चल रहा था।भारत दोनों के बीच लंबे समय से इस समझौते की कोशिश कर रहा था।समझौते के बाद भारत ने दोनों पक्षों का स्वागत किया है।ब्रिटेन और मॉरीशस ने 60 द्वीपों से मिलकर बने चागोस द्वीप समूह को लेकर गुरुवार को एक समझौता किया।इसके मुताबिक चागोस द्वीप मॉरीशस को दिया जाएगा।चागोस द्वीप पर डिएगो गार्सिया आइलैंड भी है।यहां पर अमेरिका और ब्रिटेन ने ज्वाइंट मिलिट्री बेस बना रखा है।समझौते के मुताबिक 99 साल तक के लिए अमेरिका-ब्रिटेन का बेस यहां पर बना रहेगा।आजादी के बाद भी मॉरीशस को नहीं मिला चागोस 1968 में मॉरीशस को ब्रिटेन से आजादी मिल गई थी।लेकिन, ब्रिटेन ने चागोस द्वीप पर अपना दावा नहीं छोड़ा था।मॉरीशस का दावा था कि ये द्वीप उसका है।साल 2017 में संयुक्त राष्ट्र में चागोस द्वीप को लेकर वोटिंग हुई।भारत समेत 94 देशों ने मॉरीशस के पक्ष में और 15 देशों ने ब्रिटेन के पक्ष में वोट किया था।2019 में इंटरनेशनल कोर्ट ने भी द्वीप को मॉरीशस का हिस्सा बताया था।

# कोर्ट में विवाद के कारण यूपी में रिंग बांध का कार्य अधूरा, जलमग्न हुआ सिताब दियारा

## सांसद ने यूपी के मुख्य सचिव से शीघ्र समाधान हेतु लखनउ में की मुलाकात

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जेपी के गांव को बाढ़ और कटाव से बचाने के लिए सारण सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने 2018 में बड़ी पहल की थी, जिसके तहत बिहार और यूपी की संयुक्त परियोजना रिंग बांध की नींव पड़ी थी। इसमें न सिर्फ बिहार का इलाका बल्कि यूपी के गांव भी शामिल हुए। सांसद के प्रयास से जेपी के गांव के यूपी और बिहार के दोनों भाग को बचाने के लिए कुल 125 करोड़ की परियोजना बनी। इसके तहत बिहार सीमा में कुल चार किमी में घाघरा के किनारे कुल 85 करोड़ का बजट से रिग बांध का निर्माण कार्य पूरा कराया गया। वहीं उत्तर प्रदेश के हिस्से का करीब दो सौ मीटर का काम कोर्ट केस की बजह से लटका हुआ है। अब सांसद रुडी ने इस बांध को पूरा कराने के लिए एक बार फिर अपने प्रयास तेज कर दिये है। इसी संदर्भ में सांसद ने उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से लखनऊ स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की। मालूम हो कि संपूर्ण आंदोलन के नेता जयप्रकाश नारायण की जन्मस्थली सिताबदियारा का अस्तित्व वर्ष 2017 में मिटने की कगार पर था। सरयू नदी के लगातार के कटाव से एक से एक पक्के मकान नदी में विलीन हो रहे थे। ऐसे समय मे



सांसद रुडी के सार्थक प्रयास से रिंग बांध की बिहार और यूपी की संयुक्त परियोजना के निर्माण पर निर्णय हुआ था और वर्ष 2019 में बिहार की तरफ यह बांध बन कर तैयार हो गया जिससे कटाव को रोका जा सका। पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सांसद रुडी ने मुख्य सचिव को बताया कि यूपी वाले हिस्से में रिंग बांध का कार्य पूरा न होने के कारण बाढ़ से सिताब दियारा जलमग्न हो गया है। सिताब दियारा के जेपी ट्रस्ट तक बाढ़ का पानी पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश की ओर से रिंग बांध पूरा नहीं होने के कारण पानी सिताब दियारा के रामेश्वर टोला में भी प्रवेश कर गया है। सिताब दियारा के रामेश्वर टोला के खेतों में पानी प्रवेश करने के कारण फसल बर्बाद हो गया है। जेपी ट्रस्ट तक के सड़क तक पानी पहुंच गया है। कोर्ट केस में एक पक्ष राज्य सरकार भी है इसलिए राज्य सरकार की ओर से सांसद को आश्वस्त करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि इस इस विवाद का शीघ्र ही निपटारा किया जायेगा। मालूम हो कि यूपी सीमा में रिंग बांध का कार्य दो भा में पूरा होना था जिसमें कुल 40 करोड़ रूपये खर्च होने थे। परन्तु बलिया के अठगांवा गांव के पास करीब दो सौ मीटर में स्थानीय जमीन दाता के कोर्ट में जाने के कारण काम ठप है।

## मढ़ौरा रेफरल अस्पताल गेट पर ठिकेदार ने गड्ढा खोदकर छोड़ा, गड्ढे में गिरी कार



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** रेफरल अस्पताल गेट पर बिना सुरक्षा मानक का इंतजाम किए गेट का निर्माण कर रहे ठेकेदार ने गड्ढा खोदकर छोड़ दिया है। इस गड्ढ़े में शनिवार की शाम एक कार गिर गई। संयोग था कि कार में सवार जख्मी होने से बच गया किन्तु उसकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। कार के गड्ढे मे गिरने पर आसपास के लोगों ने कार में सवार लोगों को बाहर निकाला। बता दे कि रेफरल अस्पताल के सामने सड़क के पास मुख्य गेट का निर्माण हो रहा है। इस निर्माण के लिए सम्बंधित ठेकेदार ने दोनों तरफ गड्ढा खोदकर बिना किसी तरह का सुरक्षा घेरा किए व सूचना बोर्ड लगाए खूला छोड़ दिया है। मुख्य सड़क से सटे यह गड्ढा गंभीर खतरा के रूप में है लेकिन अस्पताल प्रबंधक भी इसको लेकर लापरवाह बना हुआ है। आमलोगों ने दूर्गापूजा का भीड़भाड़ होने और गड्ढ़ा को लापरवाह तरिके से खूला छोड़ने को लेकर इसे गंभीर खतरा बता रहे है। अस्पताल प्रबंधन के इस लापरवाह रवैये पर लोगों ने अपनी नाराजगी व्यक्त की है ।

## कार्रवाई : अवैध बालू परिवहन की शिकायत की पुष्टी होने पर डोरीगंज के थानेदार समेत 7 सस्पेंड, शेष 12 लाइन हाजिर

### प्रवेश कुमार डोरीगंज के बनाए गए नए थानेदार, थाने में नए 11 पुलिस पदाधिकारियों की भी हुई तैनाती

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** अवैध बालू परिवहन की शिकायत पुष्ट होने के बाद डोरीगंज थाना के पूरे स्टाफ को सस्पेंड और लाइन हाजिर कर दिया गया है। शनिवार को कार्रवाई के जद में आए थानेदार राहुल रंजन समेत सात पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया। वही शेष 12 पुलिस पदाधिकारियों को लाइन हाजिर किया गया है। बताया गया कि बालू की अवैध परिवहन में पासिंग गिरोह से पुलिस कर्मियों की मिलीभगत के साथ ही अवैध वसूली और पकड़े गए गाड़ियों को छोड़ने की शिकायत की घटना पुष्ट होने के बाद कार्रवाई की गई हैं। सारण में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। साथ ही 7 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है।



कार्रवाई की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक डॉ.आशीष भारती )

सारण में प्रतिनियुक्ति पुलिस अधीक्षक डॉ.आशीष भारती आए हैं, तब से सारण पुलिस का तेवर बदला-बदला नजर आ रहा है। जीरो टॉलरेंस नीति पर कार्य करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रहे हैं। जिससे सारण के लोगों में पुलिस के प्रति नया विश्वास जगा है। वहीं अब डोरीगंज थाना के नए थानध्यक्ष के प्रवेश कुमार बनाए गए है, जो फिलहाल तरैया थाना में पदस्थापित थे। वहीं नए थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार, अपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार समेत 12 नए पुलिस पदाधिकारियों की डोरीगंज थाना में तैनाती के निर्देश जारी कर शीघ्र योगदान के लिए कहा गया हैं।

## तीन दत्तकग्राही दंपत्तियों ने तीन बच्चों को लिया गोद

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जीवन की आपाधापी के बीच आकांक्षा वाले दंपत्ति जोड़े के लिए शनिवार का दिन खुशियाँ देने वाला रहा। सारण जिला प्रशासन के द्वारा तीन बच्चों को दत्तकग्रहण की कार्रवाई पूर्ण की गई। जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में तीन बच्चों को उनके दत्तकग्राही माता-पिता को अंतिम रूप से सौंपा गया। दत्तकग्रहण की प्रक्रिया पूरी होते ही बच्चे को नए माता-पिता को सुपुर्द कर दिया गया। इस दौरान दंपत्ति जोड़ों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने भाव विभोर होकर जिला प्रशासन को धन्यवाद प्रेषित किया। तीनों बच्चों को भारत के विभिन्न राज्यों से आए दंपत्ति ने गोद लिया। दपत्तियों द्वारा बच्चों को गोद लेने के लिए कारा के वेब पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन किया था। जिसका क्रम आने एवं सारी प्रक्रिया से गुजरने के बाद अनके फाइनल एडॉप्शन की प्रक्रिया जिलाधिकारी सारण श्री समीर द्वारा पूर्ण की गई। ज्ञात हो कि समाज कल्याण विभाग अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित




विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान सारण के माध्यम से बच्चे को दत्तक ग्रहण की कार्रवाई की जाती है। संस्थान में चिल्ड्रेन इन नीड ऑफ केयर एंड प्रोटेक्शन वाले बच्चों की पूरी सुरक्षा और सुविधाओं के बीच रखकर उनका भरपूर पालन पोषण किया जाता है। इस अवसर पर प्रभारी सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई सुश्री पूजा कुमारी, बाल संरक्षण पदाधिकारी पंकज प्रसाद, समन्वयक कहकसा रसीद, दीपांशु राज आदि उपस्थित थे।

## मढ़ौरा की कल्याणी को इंटरनेशनल मैग्जीन में मिली जगह

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** मानवता के लिए राष्ट्रीय स्तर पर काम कर रही डॉ.कल्याणी सिंह को इंटरनेशनल मैग्जीन ने जगह दी है। द लाइट डाउन इंटरनेशनल मैग्जीन में छपी आलेख की अब चर्चा हो रही । भारतीय परिस्थिति में महिलाओं की स्थिति पर वर्षों से काम कर रही डॉ कल्याणी ने समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। मैगजीन ने डा कल्याणी के कार्यों की सराहना की है। मढ़ौरा नगर क्षेत्र की रहने वाली डा.कल्याणी मानवाधिकार के अपराध नियंत्रण शाखा में वर्षों से सक्रिय है और इस संस्था की राष्ट्रीय महासचिव है। डा.कल्याणी मानव अधिकार, अपराध नियंत्रण, महिलाओं की सुरक्षा, अनाथ बच्चों



और जरूरतमंद के कल्याण को लेकर मुखरता से काम करने को लेकर जानी जाती है। द लाइट डाउन इंटरनेशनल मैगजीन राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले लोगों को उनके कार्य को सामने रखती है। मैगजीन द्वारा दी गए जगह और सम्मान पर डॉ.कल्याणी ने खुशी व्यक्त किया है। मढ़ौरा निवासी शिक्षाविद् अजय सिंह, इन्दु सिंह की पुत्री डॉ.कल्याणी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान रखने वाले पत्रकार विजय भास्कर की भतिजी है। डॉ.कल्याणी की इस उपलब्धि पर सोनू सिंह, आकाश भारद्वाज, राहूल सिंह, आंशु भारद्वाज, कुन्दन श्रीवास्तव, अवधेश वर्मा, भूपेश भीम सहित अन्य ने बधाई दी है ।

## झंडा बांधने के विवाद को पुलिस ने समझा बुझाकर कराया शांत

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।** थाना क्षेत्र के हसनपुरा बाजार पर झंडा बांधने को लेकर दो पक्षों म विवाद हो गया। विवाद की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामले को शांत करा दिया। मढ़ौरा ट्रेनी डीएसपी राहुल कुमार ने मौके पर पहुंच मामले की तहकीकात की और विवाद में शामिल युवकों को कड़ी हिदायत दिया। बताया जा रहा है कि मढ़ौरा थाना के हसनपुरा चौक के पास शुक्रवार रात्रि में करीब 9 बजे दो पक्षों के बीच झंडा बांधने को लेकर विवाद में कहासुनी हो गई। इसको लेकर तनाव जैसी संभावना बनने लगी थी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रेनी डीएसपी राहुल कुमार दल बल के साथ हसनपुरा बाजार पर पहुंचे। खूद के नेतृत्व में दोनों पक्षों के लोगों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। वहीं एहतीयात के तौर पर हसनपुरा बाजार पर स्थानीय चौकीदार की प्रतिनियुक्त की गई है।

## बाढ़ पीड़ितों के बीच सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने किया सूखा राशन का वितरण

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** सांसद राजीव प्रताप रूडी के निर्देशानुसार शनिवार को सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा नेता राकेश सिंह ने परसा विधानसभा क्षेत्र के तुर्की गांव दियारा क्षेत्रों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर खाद्य सामग्री वितरण अभियान चलाया । इस अभियान के तहत उनके प्रतिनिधि राकेश सिंह ने मंशाबाबा के समीप तुर्की गांव के दियारा क्षेत्रों सहित लगभग 100 से अधिक बाढ़ पीड़ित परिवारों के बीच खाद्य सामग्री वितरित किया।सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने कहा कि सारण जिला के बाढ़ पीड़ित जनता को किसी भी हाल में कष्ट में नहीं छोड़ा जाएगा । यह सांसद राजीव प्रताप रूडी का संकल्प है। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि बाढ़ पीड़ितों को सूखा राशन,बिस्किट, माचिस और अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध करायी गयीं है। इस दौरान वरीय नेता योगेंद्र सिंह,जितेंद्र गिरी, सुमंत बाबा,तारकेश्वर सिंह, भरत सिंह,राजेंद्र सिंह, ललन सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।



## नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक/मढ़ौरा(सारण)।** मढ़ौरा थानान्तर्गत एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना का आरोपित किशोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार की कारित घटना में पीड़िता के परिजन के लिखित आवेदन के आधार पर आरोपी के विरूद्ध मढौरा थाना कांड संख्या-563/24, धारा-64 बी0एन0एस0 एवं 4/6 पॉक्सो एक्ट दर्ज किया गया हैं। आरोपी पिड़िता का पटीदार ही बताया जा रहा है। घटना से संबंधित अन्य पहलुओं की पुलिस जांच एवं गिरफ्तारी हेतु प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक-सह-थानाध्यक्ष राहुल कुमार के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 10 घंटे के अंदर छापामारी कर विधि विरूद्ध बालक को गिरफ्तार किया गया। टीम में पुअनि. चन्देश्वरी यादव, पुअनि.नविता रानी, प्रपुअनि.सत्यम कुमारी,प्रपुअनि.संजीत कुमार,सअनि.जितेन्द्र कुमार,पी.टीसी.शत्रुघन कुमार मढ़ौरा थाना एवं थाना के अन्य कर्मी शामिल पुलिस पदाधिकारी थें।

## अपहृत किशोरी को पुलिस ने किया गया बरामद

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)** थाना क्षेत्र के एक गांव से अपहृत किशोरी को पुलिस ने बरामद किया। मामले में थाना कांड संख्या-538/24, धारा-137 (2)/ 96/3(5) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया था। कांड की अपहृता की बरामदगी में प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक-सह-थानाध्यक्ष राहुल कुमार, प्रपुअनि रानी कुमारी एवम मढ़ौरा थाना पुलिस बल ने सक्रिय भूमिका निभाई। अपहृता को माननीय न्यायालय में बीएनएस की धारा-183 के तहत बयान दर्ज करवा कर सीडब्लूसी को सुपुर्द कर दिया गया है।

## इसुआपुर में तीन पूजा स्थलों पर होगा रावण वध कार्यक्रम

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर (सारण)।** लाइसेंस के लिए 36 पूजा कमेटियों ने दिया आवेदन संवाद सूत्र, इसुआपुर । थाना क्षेत्र के तीन पूजा स्थलों पर रावण वध का कार्यक्रम होगा। वहीं अब तक 36 पूजा कमेटियों द्वारा लाइसेंस के लिए आवेदन दिए गए हैं। जो पिछले वर्ष से 2 कम हैं। इसुआपुर ,निपनिया तथा मुड़वां बाजारों पर दुर्गा पूजा स्थलों के पास विजयादशमी के दिन दशानन रावण के 40 से 60 फीट ऊंचे पुतले का दहन कर आतिशबाजी की जएगी। वहीं इसुआपुर,सढ़वारा, गम्हरियां, शामकौरिया, नवादा, सहवां, अगौथर, आजाद चौक परसा, केरवां, मुड़वां, निपनियां समेत 36 दुर्गा पूजा कमेटियों द्वारा पूजा पंडालों के लाइसेंस के लिए प्रशासन के पास आवेदन दिए गए हैं। आवेदन में पूजा से संबंधित कार्यक्रमों, व्यवस्था तथा प्रतिमा विसर्जन के लिए रूट चार्ट इत्यादि का जिक्र किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए अपर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार ने बताया कि थानाध्यक्ष कमल कुमार राम के नेतृत्व में दुर्गा पूजा शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने को लेकर पूजा कमेटी के सदस्यों से राय विमर्श भी किया जा रहा है।

## जानिए बच्चों गोद लेने के लिए क्या है नियम

कोई भी ऐसा दंपत्ति जिसकी शारीरिक एवं मानसिक स्थिति सुदृढ़ हो बच्चा गोद लेने के लिए पात्र हो सकता है। यदि उन्होंने कम से कम दो वर्ष का स्थिर वैवाहिक जीवन व्यतीत किया हो तथा दत्तक ग्रहण के लिए दोनों की आपसी सहमति जरूरी है। अलग-अलग उम्र वाले दंपत्ति के लिए अलग-अलग उम्र के बच्चे की पात्रता होती है। बच्चा गोद लेने के लिए केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के वेबसाईट दथन्द्धद्वद्दपब्रददद्दधफ्द्धद्ध पर रजिस्ट्रेशन कराना होता है। जाँच के बाद बच्चा गोद लेने के पात्र माता-पिता को बच्चा गोद दिया जाता है। एकल पुरूष अभिभावक को केवल लड़का गोद दिया जा सकता है, जबकि एकल महिला लड़का एवं लड़की दोनों को गोद ले सकती है। दो संतान वाले दर्पत्ति सामान्य बालक के दत्तक ग्रहण के लिए पात्र नहीं है। वह सिर्फ विशेष आवश्यकता वाले बालकों को ही दत्तक ग्रहण कर सकते है। देश में किसी अन्य माध्यम से बच्चा गोद लेना और देना कानूनी अपराध है।

## मारपीट की घटनाओं में10 लोग घायल

**एकमा (सारण)।** एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में पांच महिलाएं समेत 10 लोग घायल हो गये.घायलों में भरहोपुर गांव के मिथिलेश पांडेय, मनीष सिंह, अनीशा कुमारी, रामपुर गांव के लक्की कुमार, रसूलपुर गांव की प्रियंका देवी, साधपुर गांव की रेखा देवी, टरिला हसनपुरा गांव की राजमुन्नी देवी, हरपुर कोटवा हसनपुरा गांव के दुर्गा देवी समेत 10 लोग शामिल है।

बताया जाता है कि सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया।

इस संबंध में घायलों के द्वारा थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गयी है। इस मामले में अबतक किसी नामजद अभियुक्त की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

## एकमा बाजार में सब्जी खरीदने के दौरान दो लोगों की मोबाइल चोरी

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** एकमा बाजार में आवश्यक घरेलू समानों की खरीदारी करने के लिए आये एकमा के हंसराजपुर गांव के निवासी व दूध-दही के कारोबारी जयप्रकाश यादव तथा हरपुर गांव के निवासी ट्रांसपोर्टर शत्रुघ्न सिंह की पॉकेट से मोबाइल अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गई। बताया जाता है कि भीड़भाड़ में उक्त दोनों व्यक्तियों की मोबाइल एकमा बाजार में सब्जी खरीदने के दौरान उनके पॉकेट से अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गई है। इस संबंध में एकमा थाने में मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गयी है। लोगों को उम्मीद है की जल्द ही एकमा थाने की पुलिस के द्वारा चोरी हुए मोबाइलों को बरामद कर चोरों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। एकमा बाजार में इन दिनों हो रही महंगे एंड्राइड मोबाइल चोरी की घटनाओं को लेकर बाजार में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। बाजार आने वाले लोग मोबाइल चोरी होने की आशंका से सहमें हुए हैं।

## जनता दरबार में एकमा सीओ ने कराए तीन मामलों के निष्पादन

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** बिहार सरकार के निर्देश पर शनिवार को एकमा व रसूलपुर थाना परिसरों में अलग-अलग जनता दरबार का आयोजन सीओ राहुल शंकर की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान एकमा व रसूलपुर थानों में भूमि एवं राजस्व से संबंधित एकमा सीओ राहुल शंकर के द्वारा तीन मामलों का निष्पादन दोनों पक्षों की सहमति से करा दिया गया। इस अवसर पर सीओ श्री शंकर ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को भूमि एवं राजस्व से संबंधित विवादों का शीघ्र, सहज एवं निष्पक्ष तरीके से निपटारा कराना मेरी प्राथमिकता है।इस मौके पर सीओ राहुल शंकर, पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार, रसूलपुर थानाध्यक्ष प्रभात कुमार के अलावा राजस्व कर्मचारी, पुलिस पदाधिकारी, संबंधित कर्मी व फरियादी मौजूद थे।

## युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष अमित नयन ने अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शनिवार को सामाजिक संगठन युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष अमित नयन ने व्यक्तिगत कारणों से संगठन के अध्यक्ष एवं प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया। अमित नयन ने मिडिया को अवगत कराते हुए कहा कि युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा का पुनर्गठन जो कि 11 जुलाई 2024 गुरुवार को हुआ था। जिसमें सर्वसम्मति से मुझे अध्यक्ष पद की जिम्मेवारी दी गई थी।जिसका निर्वहन मैंने इमानदारी पूर्वक किया। लेकिन अब मुझे कार्य करने में असुविधा हो रही थी। जिसके कारण मैंने आज संगठन के संरक्षक को अपना त्यागपत्र सौंपा।

# सोनपुर अनुमंडलीय अस्पताल के कर्मियों द्वारा तंबाकू के खिलाफ चलाया गया जागरूकता अभियान

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** तंबाकू के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य पर प्रभाव और उसकी दुष्प्रभावों के बारे में आम लोगों को अवगत कराने के उद्देश्य से सोनपुर अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सकों और कर्मियों द्वारा तंबाकू के खतरों के प्रति जागरूकता को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। उक्त बातें अनुमंडलीय अस्पताल की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पूनम कुमारी ने अस्पताल परिसर में आयोजित जागरूकता अभियान के दौरान शनिवार को कही। सदर अस्पताल के जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ भूपेंद्र कुमार ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल के अलावा जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में स्वास्थ्य शिविर का अयोजन कर तंबाकू सेवन से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं पर विचार विमर्श किया जाता हैं। शिविर में उपस्थित चिकित्सकों द्वारा लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया जाता हैं, ताकि उन्हें तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित किया जा सके। तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियां जैसे- फेफड़े का कैंसर, गले का कैंसर, मुंह का कैंसर और हृदय संबंधी समस्याएं गंभीर हो सकती हैं। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं में तंबाकू के सेवन से असमय जन्म और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। यह भी कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य तंबाकू के सेवन से संबंधित गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति लोगों में जागरूकता उत्पन्न करना था, ताकि इसके सेवन में कमी लाई जा सके। तंबाकू के सेवन से होने वाले कैंसर, दिल की बीमारियों, फेफड़े के रोगों और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। जागरूकता अभियान की शुरुआत अस्पताल परिसर में तंबाकू मुक्त भारत का संदेश देने वाली रैली के साथ आयोजित की गई। अस्पताल के कर्मचारियों, चिकित्सकों और नर्सों द्वारा हाथों में तंबाकू से जुड़े पोस्टर और बैनर लेकर रैली निकाली गई। जिसमें तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसानों के बारे में जानकारी दी गई थी। रैली के माध्यम से विभिन्न सार्वजनिक स्थानों से होते हुए लोगों को तंबाकू के खिलाफ जागरूक किया गया। इस अभियान के दौरान अस्पताल के कर्मियों द्वारा तंबाकू के खिलाफ जागरूकता फैलाने वाली पंफलेट्स, पोस्टर्स और होर्डिंग्स वितरित की गई। इन सामग्रियों में तंबाकू के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों की जानकारी दी गई थी। साथ ही तंबाकू छोड़ने के लिए हेल्पलाइन नंबर और उपचार केंद्रों के बारे में भी



जानकारी मुहैया कराई गई। इस अवसर पर स्थानीय प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पूनम कुमारी, जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ भूपेंद्र कुमार, बीएचएम ओम प्रकाश, स्टाफ नर्स पूनम कुमारी, अनुराधा कुमारी, प्रियंका कुमारी, दीप्ति कुमारी, विभा कुमारी और नितेश कुमार के अलावा कई अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## डीएम ने आपदा विभाग को दिया जांच का आदेश, मुसेपुर वार्ड 6 एवं 7 बाढ़ग्रस्त क्षेत्र अबतक घोषित नहीं

### मुखिया सहित एमएलसी ने जिला प्रशासन से की बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** बाढ़ में सब डूब जाने के बाद भी हम लोगों के साथ जिला आपदा प्रशासन सौतेला व्यवहार कर रही है। ना जाने क्यों इसका कोई सुधी नहीं ले रहा है, यह कहना है सदर प्रखंड के मुसेपुर पंचायत अंतर्गत वार्ड 6 एवं 7 के लोगों की। बाढ़ग्रस्त क्षेत्र से वंचित रख राहत व अन्य सहायता नहीं दिया जा रहा है। जिला प्रशासन के इस सौतेले व्यवहार से मुसेपुर गांव के वार्ड संख्या 6 एवं 7 के बाढ़ पीड़ितों में असंतोषव व रोष व्याप्त है। उक्त वार्ड के सैकड़ो परिवारों के बाढ़ पीड़ित राहत के उम्मीद में किसी फरिश्तां के बाट जोह रहे है। सैकड़ों बाढ़ पीड़ित आपदा प्रबंधन से संतोषजनक राहत मुहैया कराने की मांग कर रहे हैं। जहां मुसेपुर वार्ड संख्या 6 के वार्ड सदस्य सुधीर कुमार गुप्ता तथा वार्ड संख्या 7 के वार्ड सदस्य राजीव रंजन सिंह उर्फ बंटी सिंह ने जिला प्रशासन से अपने-अपने वार्ड को पूर्ण रूप से बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग किया हैं। वहीं इस संबंध में स्थानीय मुखिया बबलू राय ने बताया कि जिला प्रशासन के इस दोहरा पूर्ण रवैया से वार्ड के आम जनता क्षुब्ध है जिसको लेकर शनिवार को जिलाधिकारी अमन समीर को पुनः तीसरा लिखित ज्ञापन सौंप उक्त वार्डो को बाढ़ग्रस्त घोषित करने की मांग किया है। वहीं जिलाधिकारी ने इस मामले को संज्ञान लेते हुए जिला आपदा विभाग को तत्काल जांच करने का आदेश देते हुए आश्वासन दिया है कि सभी बाढ़ पीड़ित संयम बरतें तथा धैर्य बनाए रखें।

## नवरात्र में सिद्धिधात्री मंदिर में माता के दर्शन को भक्तों की उमड़ी भीड़

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** एन एच 227 ए राम जानकी पथ पर मशरक नगर पंचायत के डाक-बंगला चौक पर बना सिद्धिधात्री मंदिर में नवरात्र पर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी हैं। मंदिर सारण, सिवान और गोपालगंज के सीमा से जुड़े होने की वजह से भक्तों की भीड़ उमड़ती है। इस मंदिर में उपरी तल्ला पर मां सिद्दीदात्री की भव्य प्रतिमा स्थापित है। जहां सालो भर पूजा अर्चना होती है। वहीं सबसे उपर तल्ले पर भारत माता की प्रतिमा स्थापित की गयी हैं जहां सुबह शाम आरती होती है। जिसमें भक्त श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ जाती है। शारदीय नवरात्र एवं चैत नवरात्र के मौके पर यहां दूर दूर से भक्त श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है।



पूजा अर्चना कर लोग मन्नत मांगते है। भक्त रामकुमार रस्तोगी ने बताया कि जो लोग सच्चे मन से श्रद्धा पूर्वक पूजा अर्चना कर मन्नत मानते हैं, मां उनकी मुरादें पूरी करती हैं। नवरात्र में सबसे नीचे मां दुर्गा सहित अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा स्थापित की जाती है। भारी भीड़ उमड़ने से यहां सप्तमी, अष्टमी एवं नवमी को मेला लगता है, जहां भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आयोजन समिति के अलावे पुलिस बल की विशेष व्यवस्था की जाती है। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह मोड़ मालिक ने बताया कि मां सिद्धिदात्री मंदिर आस्था, विश्वास व भक्ति की मिसाल हैं। ऐसी मान्यता है कि जो भी लोग यहां सच्चे मन से अपने पुत्र-पुत्री की शादी के लिए आते है या कोई दम्पती पुत्र पाने के लिए मां के दरबार में आता है तो वह निराश नही लौटता है। उसकी हर मुरादे मां पूरी कर देती है।

## रेलवे ढाला पर अज्ञात वृद्ध महिला का शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के सिसई रेलवे ढाला पर अज्ञात वृद्ध महिला का शव पाया गया। मौके पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलने पर दारोगा सुजीत कुमार ने दल बल के साथ पहुंच मृत वृद्ध महिला का शव गश्ती वाहन में लादकर सीएचसी मशरक में लाया गया जहां चिकित्सक प्रभारी डॉ संजय कुमार ने मृत हो जाने की घोषणा कर दी। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि वृद्ध महिला ढाला पर गिरी थी जिसके शरीर पर गहरे जख्म के निशान हैं वहीं वृद्ध महिला की उम्र लगभग 70 वर्ष बताया गया। वहीं थाना पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है और वृद्ध महिला के पहचान में जुटी है।

## गंगा डॉलफिन जागरूकता शिविर लगाया गया

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सारण मे बच्चों के बीच गंगा डॉलफिन जागरूकता शिविर लगाया गया ।सारण वन प्रमंडल पदाधिकारी एल राम सुन्दर एम के दिशानिर्देश पर विश्व वन्य जीव सप्ताह पर डॉल्फिन दिवस के दिन तपसी सिंह उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज चिरांद सारण मे बच्चों के बीच गंगा डॉलफिन जागरूकता शिविर लगाया गया। जिसमे फील्ड बायोलॉजीस्ट मोहज्जब खान, द्वारा गंगा डॉल्फिन के बारे बिस्तृत जानकारी दिया गया।उन्हें बताया गया प्रकृति में गंगा डॉल्फिन के क्या फायदे है और क्यों गंगा डॉल्फिन की संख्या सिमित होते जा रही है।बच्चों से गंगा नदी को स्वच्छ रखने का अनुरोध किया गया एवं नदी में कूड़ा कचरा नही फेकेने की सलाह दिया गया था,उन्हें अपने आस पास के लोगो को भी गंगा डॉल्फिन के महत्व के बारे में जागरूक करने की सलाह दी गई।

## छात्र छात्राओं के अर्द्ध वार्षिक मूल्यांकन का प्रगति पत्रक वितरण

**दैनिक खोज खबर /बनियापुर।** प्रखंड के प्रारम्भिक विद्यालयों मे आयोजित अर्द्ध वार्षिक मूल्यांकन का अभीभावक गोष्ठी कर परिणाम घोषित किया गया,जहा अभिभावकों को प्रगति पत्रक वितरण किया गया।वही विद्यालय के प्रधानाध्यपक द्वारा अभिभावकों को संबोधित करते कहा गया कि विद्यालय मे अध्ययनरत छात्र छात्राओं का मूल्यांकन बोर्ड के तर्ज पर एस सी आर टी द्वारा अंतरविद्यालयी स्तर पर किया।प्रगति पत्रक का अवलोकन कर अपना मनतव्य देते पुनः विद्यालय को वापस कर देना। प्रखंड के प्राथमिक व मध्य विद्यालयों मे एक साथ सभी विद्यालयों मे अभिभावक गोष्ठी आयोजित करते प्रगति पत्रक का वितरण कर दिया गया।जहा छात्र अभिभावकों मे काफी उत्साह देखा गया।

## श्री मद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलशयात्रा



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड के सोनौली शिव मंदिर परिसर में शनिवार की सुबह श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ को ले भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के दौरान सैकड़ों की संख्या पुरुष व महिलाएं पीला वस्त्र धारण कर शामिल हुए। कलश यात्रा के दौरान भगवान के जयकारे से पूरा इलाका भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा मंदिर के प्रांगण में पहुंचने के बाद सात दिनों तक चलने वाले महायज्ञ की शुरुआत हुई। यजमान पूर्व मुखिया संतोष परमार और यजमान धर्मपत्नी विनीता सिंह ने माथे पर श्री मद भागवत ग्रंथ को माथे पर रखकर कलशयात्रा में शामिल हुए। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरने का कार्य किया गया। जल भरने के बाद कलश यात्रा गांव का भ्रमण करते हुए वापस शिव मंदिर पहुंची। जहां वृंदावन से पहुंचे स्वामी श्री बलरामाचार्य महाराज की देखरेख में विधिवत मंत्रोच्चार के बीच 11 अक्टूबर तक चलने वाले सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ की शुरुआत की गई। यज्ञ आयोजन समिति के रामनरेश सिंह , रविन्द्र सिंह, रमेश सिंह,संत सिंह,मंजीत सिंह, प्रिंस सिंह ने बताया कि 5 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक चलने वाले भागवत ज्ञान महायज्ञ में प्रतिदिन संध्या 7 बजें से प्रवचन एवं कथा का आयोजन किया जाएगा।

## रात्रि में आग लगने से झोपड़ी नुमा घर जलकर राख

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** माँझी थाना क्षेत्र के ताजपुर पंचायत के छोटकी फुलवरिया गाँव में शुक्रवार की रात्रि में आग लगने से झोपड़ी नुमा घर जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना पाकर मौके पर आसपास के लोग जुट गए। ग्रामीणों ने चापाकल के पानी के सहारे कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। हालाँकि तबतक घर का सारा सामान जलकर राख हो चुका था। इस घटना में स्थानीय हेवन्ती कुमारी तथा प्रियंका देवी का घर जल गया। घर में रखा चौकी,बर्तन,बक्सा, चावल,कपड़ा व नगद रुपए सहित जरूरी के कागजात एवम खाद्य सामग्री सहित अन्य सामान जल गया। आग लगने के असली कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना के समय पीड़ित परिवार पास के ही मंदिर पर प्रोजेक्टर पर रामायण देख रहे थे। घटना की सूचना पर रात्रि में ही माँझी के सीओ अभिषेक सौरभ मौकें पर पहुँचे तथा पीड़ित परिवार से मिल कर घटना की जानकारी ली। वही शनिवार की सुबह छोटकी फुलवरिया पहुँचे प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिंह और पंचायत के मुखिया मनीष कुमार सिंह द्वारा अग्नि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान किया गया। पीड़ित परिवार को 15000 की आर्थिक सहायता दी गई। शनिवार को ही अंचल कार्यालय में सीओ ने भी अलग से पीड़ित परिवार को बारह बारह हजार का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि राजेश कुमार प्रसाद और पंचायत के बीडीसी राम इकबाल साहनी आदि भी मौजूद थे।



## बेरुई में मनी समाजसेवी चंद्रमा सिंह की 15वीं पुण्यतिथि

**दैनिक खोज खबर/बनियापुर।** प्रखण्ड के बेरुई में स्व.चंद्रमा सिंह चौहान की 15वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उनके तैल चित्र पर परिवार के सदस्यों व आसपास के लोगों ने पुष्प अर्पित की। , मालूम हो कि चन्द्रमा बाबू हमेशा गरीबों और बंचितो की सेवा के लिए तत्पर रहते थे।। उनकी सेवा भावना को याद करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष पुण्यतिथि पर गरीबों के बीच साड़ी, कम्बल और वस्त्र का वितरण किया जाता है। इस बार भी यह आयोजन किया गया। शनिवार को बेरुई उनके पैतृक आवास पर किया गया। उनके पुत्र धुर्व सिंह चौहान, रामकुमार सिंह चौहान, दिलिप सिंह चौहान तथा अभिमन्यु सिंह चौहान, वार्ड पार्षद ने बताया कि चंद्रमा बाबू देश सेवा के लिए आर्मी में बहाल हुए थे। उन्होंने एक सेना के रूप में देश की सेवा की। अवकाश प्राप्ती के बाद भी समाज सेवा की भावना उनके अंदर कम नहीं हुई थी। उन्होंने ग्रामीणों की खूब सेवा की। बाद में वे विधान सभा के चुनाव में अपनी किस्मत आजमाई। ग्रामीण आज भी उन्हें याद करते हैं। उनकी पत्नी सफेदा कुअर, पुत्र और भतीजा उन्ही के पदचिह्नों पर चलकर सेवा को कर्तव्य समझते हैं। यही कारण है कि हर वर्ष पुण्यतिथि गांव के लोगों के बीच मनाए जाने की प्रथा आज भी कायम है।

## मशरक में बनेगा विधुत शक्ति उपकेंद्र, ग्रामीण इलाकों में होंगी निर्बाध विधुत आपूर्ति

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चांद कुदरिया गांव में ग्रामीण इलाकों में निर्बाध रूप से विधुत आपूर्ति को लेकर विधुत उप केन्द्र का निर्माण किया जाएगा। इसकी जानकारी सीओ मशरक सुमंत कुमार ने दी। इसके लिए चांद कुदरिया गांव में खाता नम्बर 299 खेसरा 1810 में चार एकड़ चार कट्ठा तीन धूर जमीन का चयन किया गया है। आपकों बता दें कि मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर के पास बने विधुत शक्ति उपकेंद्र से पूरे इलाके में विधुत आपूर्ति की जाती है। वहीं मामूली दिक्कतों में पूरे इलाके की विधुत आपूर्ति बंद हो जाती है। इसी को लेकर बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह ने बताया कि मशरक के ग्रामीण इलाके चांद कुदरिया, कर्ण कुदरिया, हरपुरजान, सुंदर,अरना समेत अन्य इलाकों के लिए निर्बाध विधुत आपूर्ति के लिए मशरक के चांद कुदरिया गांव में विधुत शक्ति उपकेंद्र का निर्माण कार्य कराया जाना हैं जो उनके अथक प्रयास से हुआ है इसके लिए जमीन की वस्तु स्थिति का आंकलन अंचल कार्यालय के माध्यम से किया जा रहा है। सारी कागजी प्रकिया पूरी होने पर टेंडर निकाल कार्य शुरू कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूरा हो जानें पर ग्रामीण इलाके में निर्बाध विधुत आपूर्ति हो जाएंगी जिससे उस इलाके के लोगों को फायदा होगा।

**पुलिस ने छापेमारी कर चार बाइक व नकद के साथ चार जुआरियों को किया गिरफ्तार: दैनिक खोज खबर/मांझी।** शुक्रवार की देर रात गुप्त सूचना के आधार पर माँझी थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के मरहा पँचायत स्थित बन्दर बागी बगीचा जुआ खेल रहे चार जुआरियो को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मौके से चार बाइक तथा तेरह हजार दो सौ रुपये नगद सहित तास का एक बंडल भी बरामद किया है। घटना के सम्बन्ध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि मरहा पँचायत के बन्दर बागी बगीचा में कुछ व्यक्तियों द्वारा लाइट जला कर जुआ खेला जा रहा है। सूचना के आलोक में मांझी थाना में पदस्थापित पदाधिकारी ओमप्रकाश साह के नेतृत्व में एक टीम गठित कर उक्त स्थल पर छापेमारी की गई। छापेमारी में गणेश कुमार ग्राम कोपा,रमेश कुमार दुबे ग्राम कोपा विनोद शर्मा ग्राम पियानो तीनो थाना कोपा तथा उपेन्द्र कुमार राय ग्राम रिविलगंज थाना रिविलगंज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 18 वीं किस्त के हस्तांतरण कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** शनिवार को माँझी कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महाराष्ट्र के वाशिम से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 18 वीं किस्त के हस्तांतरण कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया। उद्यान विशेषज्ञ उद्यान डॉ.जितेन्द्र चंदोला ने कृषि विज्ञान केन्द्र में चल रही विभिन्न योजनाओं जैसे प्राकृतिक खेती, जलवायु के अनुकूल कृषि कार्यक्रम, सामूहिक अग्रिम पंक्ति प्रतिक्षण आदि के विषय में किसानों से चर्चा की। उन्होंने रबी में लगने वाले सब्जियों के विषय में किसानों को विस्तार से समझाया तथा पोषण वाटिका का महत्व बताया। डॉ. सुषमा टम्टा, विशेषज्ञ कृषि अभियंत्रण ने ड्रोन टेक्नोलॉजी के विषय में किसानों से विस्तार से चर्चा की तथा गेहूँ लगाने के लिए जीरो टिलेज मशीन के उपयोग के लिए किसान को प्रोत्साहित किया। पादप संरक्षण विशेषज्ञ डॉ.जीर विनायक ने फसलों के कीट एवं रोग प्रबंधन विषय में किसानों से विस्तृत चर्चा। डॉ. विजय कुमार ने मिट्टी के जाँच के लिए से में किसानों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में लगभग 41 किसानों ने प्रतिभाग किया तथा वैज्ञानिकों से अपने विचारों को साझा किया। कृषि विज्ञान केन्द्र से रामा रंजन, रवि रंजन, राकेश कुमार, अंकित मिश्रा, अवनीश पांडेय ने अपना सहयोग दिया।

## हुसैनगंज: पुलिस पर पथराव व बीडीओ की गाड़ी जलाने मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सिवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हथौड़ा गांव से शुक्रवार की रात्रि पुलिस ने हथौड़ा मेला में पुलिस पर पथराव करने तथा बीडीओ की गाड़ी जलाने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान हथौड़ा बड़का टोला निवासी जालिम यादव एवं परशुराम यादव शामिल है। इसके पूर्व छह आरोपित जेल भेजे जा चुके हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। ज्ञात हो कि 31 अगस्त की शाम महावीरी मेला में रूट चार्ट को लेकर प्रशासन एवं ग्रामीणों के बीच तनातनी हो गई थी। प्रशासन द्वारा एक धार्मिक स्थल से छोटे समूह में अखाड़ा निकालने को बोला जा रहा था जबकि ग्रामीण समूह में अखाड़ा निकालने की जिद पर पड़ अड़े रहे। इसी बीच नाराज ग्रामीणों ने देर शाम धनखड़ मोड़ के समीप राहगीरों के साथ दुर्व्यवहार किया।इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस बल पर सैकड़ों ग्रामीणों ने पथराव शुरू कर दिया था। साथ बीडीओ के टाटा सूमो गाड़ी को आग के हवाले कर दिया। गाड़ी में सवार बीडीओ के चालक राजेश पासवान एवं थाना के मुंशी मनीष कुमार चोटिल हो गए थे। इस मामले में पुलिस द्वारा 43 लोगों को नामजद तथा 100 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी की गई थी। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि अब तक कुल आठ आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## आइटीआइ के प्रांगण में रिलायन्स जिओ का कैंपस सेलेक्सन का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** स्थानीय न्यू रेडिएंट आइटीआइ के द्वारा सारण के ग्रामीण एरिया में पहली बार रिलायंस जीओ कंपनी का कैम्पस सेलेक्शन करवाया गया।जिसमें लगभग 240 छात्र ने अपना इंटरव्यू दिए जिसमे 172 छात्रों का चयन किया गया।जिसके निदेशक राजीव रंजन ने बताया कि मेरा पहला सोच है कि मेरे ग्रमीण इलाका के बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो हमारे ग्रमीण इलाका में बहुत सारे ऐसे बच्चे थे जो आईटीआई पास करने के बावजूद बेरोजगार थे यही देख हमने यह प्रयास किया और कैम्पस सेलेक्शन का आयोजन किया गया।साथ ही उन्होंने युवकों से कहा कि आप सभी के जीवन में इस बात की खुशहाली है कि जिस उद्देश्य से न्यू रेडिएंट आइटीआइ संस्थान भेल्दी में पढ़ाई की है वह उद्देश्य आज पूरा हुआ है। आपलोगों ने पढ़ाई के दौरान जो हुनर सीखा है वह जीवन भर आपके काम आएगा। हुनर अगर हाथों में हो तो नौकरी दरवाजे तक आती है।उन्होंने कहा कि जीवन में किसी भी काम को छोटा नहीं समझना चाहिए। नौकरी करते हुए और बेहतर नौकरी की तलाश की जा सकती है।इस दौरान सचिव रंजीत शांडिल्य, रवि रंजन,नन्दकिशोर सिंह, प्रवीण शंकर,गुड्डू कुमार, सुशील कुमार, अंकित कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।



## सर्प दंश से महिला की मौत

**सिवान।** नौतन थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव में शुक्रवार की रात्रि सर्प दंश से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान रोहित सिंह की पत्नी सरिता सिंह के रूप में की गई। घटना के संबंध में स्वजनों ने बताया कि सरिता का घर जामो थाना क्षेत्र के बिसुनपुरा है। अपने मायके नारायणपुर गई हुई थी। शुक्रवार की रात्रि वह अलमीरा में मोबाइल रखने गई। जहां सर्प ने डस लिया। इसके बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के टड़वा गांव के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान सरसर गांव निवासी गुड्डू चौहान के रूप में की गई। इलाज कराने आए स्थानीय लोगों ने बताया कि गुड्डू चौहान बाइक से अपने घर जा रहा था तभी पीछे से चार पहिया वाहन ने धक्का मार दिया। इसे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद हम लोगों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज चल रहा।

## शाहबाज हत्याकंाड का दूसरा आरोपित गिरफ्तार

**बड़हरिया (सिवान)।** थाना क्षेत्र के बड़हरिया-मीरगंज मुख्यमार्ग स्थित ज्ञानी मोड़ और कैलगढ़ मध्य विद्यालय के बीच गुलरबग्गा के समीप मुख्य सड़क पर चार सितंबर की शाम बदमाशों ने गाड़ी रोक कर गौसीहाता निवासी अलीमुल्लाह के पुत्र शाहबाज आलम की हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने दूसरा आरोपित मालिक टोला निवासी अख्तर अली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। अख्तर अली हत्या के समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने अख्तर के गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाई थी। इस दौरान थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा और एसआइ अशोक कुमार गहलोत ने शुक्रवार की रात छापेमारी कर अख्तर अली को गिरफ्तार कर लिया तथा कार्रवाई के बाद शनिवार को जेल भेज दिया।

## हत्यारोपी को शीघ्र गिरफ्तारी करें : भाकपा माले

**दैनिक खोज खबर/दारौंदा (सिवान)।** भाकपा माले का एक प्रतिनिधि मंडल शनिवार को पूर्व विधायक अमरनाथ यादव के नेतृत्व में शेरपुरा निवासी शिक्षक भरत मांझी के स्वजनों से मुलाकात ढाढ़स बंधाया। इस दौरान प्रशासन द्वारा हत्यारोपित की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में जिला सचिव इंकलाबी नौजवान सभा जयशंकर पंडित, अखिल भारतीय किसान महासभा प्रखंड सचिव रामायण यादव, प्रखंड सचिव उपेंद्र प्रसाद, चंदेश्वर प्रसाद आदि शामिल थे। इस मौके पर पूर्व विधायक अमरनाथ यादव ने कहा कि दारौंदा में अपराध लगातार बढ़ता जा रहा है, कुछ दिन पहले अशर्फी राम की हत्या कर उसके शव को फेंक दिया गया था, माले नेता जयशंकर पंडित, सीता देवी, मनु राम को गोली मारा गया, फिर जयशंकर पंडित के घर पर गोली चलाई गई। वहीं चार अक्टूबर की शाम शिक्षक भरत मांझी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। भरत मांझी से पूर्व में मारपीट का विवाद चल रहा था, उस केश को उठाने के लिए लगातार भरत मांझी पर दबाव बनाया जा रहा था।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक चालक युवक की मौत

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के एसएच 89 सिवान-सिसवन मुख्य मार्ग पर छाता शिव मंदिर के समीप शनिवार को ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक चालक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान खुदरा पचलखी निवासी शाहनवार अंसारी के 18 वर्षीय पुत्र मो.कासिफ के रूप हुई है। बताया जाता है कि युवक अपने मौसा के घर कुतुब छपरा निवासी हसनैन मियां के घर आया था। शनिवार की सुबह वह पैशन प्रो बाइक से घर लौट रहा था। इसी बीच सिवान की ओर से तेज गति से आ रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आकर घायल हो गया। ग्रामीण उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## हाई टेंशन तार के चपेट में आने से टायर व्यवसायी की मौत

**दैनिक खोज खबर/हसनपुरा (सिवान)।** एमएच नगर थाने के सरैया पुल और जलालपुर पनिसरा के बीच शनिवार की सुबह हाई टेंशन तार की चपेट में आने से एक टायर व्यवसायी की मौत हो गई। मृतक की पहचान बेतिया के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के लालगढ़ पंचायत के पांडेपुर निवासी झुन्ना महतो के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही स्वजन सदर अस्पताल पहुंच गए तथा शव के समीप दहाड़ मारकर रोने लगे। स्वजनों के राने से माहौल गमगीन हो गया।बतायया जाता है कि झुन्ना महतो टायर खरीद कर सिसवन- सिवान मुख्य मार्ग होते हुए अपने गांव लौट रहा था। तभी उक्त गांव के समीप पिकअप से एक टायर गिर गया। उसके बाद पिकअप पर चढ़कर रस्सी से बांध रहा था तभी पास से गुजर रहे हाई टेंशन तार की चपेट में आकर झुलस गया। आसपास के लोग उसे इलाज के लिए स्थानीय क्लिनिक ले गए जहां चिकित्सक द्वारा उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## दरवाजे से बाइक की चोरी की प्राथमिकी

**सिवान।** बसंतपुर थाना क्षेत्र के सरेया निवासी कृष्णा कुमार ने थाना में आवेदन देकर अज्ञात लोगों पर बाइक चोरी की प्राथमिकी कराई है। उसने आरोप लगाया है कि 28 सितंबर की रात बाइक अपने दरवाजे पर खड़ी की थी तभी अज्ञात चोरों चोरी कर ली। काफी खोजबीन के बाद उसका कहीं पता नहीं चला।

## युवक की हत्या मामले में दो गिरफ्तार

**बसंतपुर (सिवान)।** थाना क्षेत्र के मुड़ा निवासी भुनेश्वर महतो के पुत्र रंजन कुमार की हत्या एक सप्ताह पूर्व बदमाशों ने घर से बुलाकर कर दी तथा साक्ष्य छुपाने के लिए उसके शव को महाराजगंज थाना क्षेत्र के पटेढ़ा चंवर में फेंक दिया था। इस मामले में मृतक के पिता के बयान पर एक नामजद तथा एक को अप्राथमिकी अभियुक्त बनाया गया था। इस मामले में पुलिस ने एक नामजद तथा एक अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर शुक्रवार की शाम जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों में कोड़र निवासी सुनील सिंह तथा अप्राथमिकी अभियुक्त मुड़ा निवासी किशोर महतो के रूप में हुई है।

## बाइक से धक्का लगने से वृद्ध घायल

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के आंदर- सिवान मुख्य मार्ग पर बघौनी गांव के समीप शनिवार को एक बाइक से धक्का लगने से एक वृद्ध घायल हो गए। घायल वृद्ध की पहचान माहपुर निवासी गोजील अंसारी के रूप में हुई।

बताया जाता है कि गोजील अंसारी पैदल कहीं जा रहे थे तभी तेज गति से आ रहे बाइक चालक ने अनियंत्रित होकर उन्हें धक्का मार दिया तथा घटना के बाद बाइक समेत फरार हो गया। स्थानीय लोग घायल वृद्ध को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल लाए जहां से चिकित्सक द्वारा बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## दो किन्नर रील बनाते पकड़ाए

**सिवान।** जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर आरपीएफ ने दो किन्नर को रील बनाते हुए गिरफ्तार किया गया। मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि आरपीएफ पोस्ट के सामने प्लेटफार्म संख्या एक पर एक किन्नर पिंकी राय व उसकी एक सहेली फोटोग्राफी व रील बना रहे थे। जिन्हें गिरफ्तार कर पोस्ट पर लाया गया। उनको स्टेशन पर आने का प्लेटफार्म टिकट नहीं होने के कारण तथा की गई गलती पर पश्चाताप करने पर फाइन कर टिकट बनवाया गया।

# श्रद्धालुओं ने की तीसरे स्वरूप माँ चंद्रघंटा की पूजा, प्रतिमा स्थलों के पास आरती के समय उमड़ी भीड

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** शारदीय नवरात्र में नव गौरी के पूजन के दौरान शनिवार को नवरात्र के तीसरे दिन माँ के भक्तगणो ने मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना कर घर मे सुख शांति के लिए मन्नतें मांगी। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के चौक चौराहो व गांवों के देवी मंदिरों के आलावा घरो में श्रद्धालु श्रद्धा-भक्ति के साथ माता की आराधना सुबह शाम कर रही है इसके साथ ही संध्या बेला में देवी मंदिरों में दीप जलाने के लिए महिलाओं व कन्याओं की भीड़ जुट रही। पूरा क्षेत्र मे भक्ति गीतों बजने व गाने से वतावरण भक्तिमय बना हुआ है। हरिहरनाथ मंदिर के पुजारी सुशील चंद्र शास्त्री ने शनिवार को मां चंद्रघंटा की महिमा व उपासना के बारे मे कहा कि इनकी उपासना से समस्त सांसारिक कष्टों से विमुक्त होकर सहज ही परमपद के अधिकारी होने का सौभाग्य मिलता है। वही रविवार आज मां आदिशक्ति जगतजननी जगदम्बा श्री दुर्गा का चतुर्थ रूप कुष्मांडा की पूजा भक्तगण करेंगे। अपने उदर से अंड अर्थात ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कुष्मांडा देवी के नाम से पुकारा जाता। मां कूष्मांडा की साधना व आराधना का फल बताते हुए आचार्य श्री शास्त्री ने कहा कि इनकी उपासना से भक्तों के समस्त प्रकार के रोग, शोक, व्याधि आदि उपद्रव नष्ट हो जाते हैं।



इनकी शक्ति से आयु, यश, बल, और आरोग्य की वृद्धि होती है। आचार्य ने बताया कि मां कूष्मांडा अति अल्प सेवा व भक्ति से ही अत्यधिक प्रसन्न हो जाती है। यदि साधक सच्चे हृदय से पवित्रता पूर्वक इनकी शरणागत स्वीकार कर ले तो फिर उसे अत्यंत सुगमता से परम पद की प्राप्ति हो जाती है। मां कुष्मांडा की पूजा के दौरान साधक को अपना चित्त अनाहत चक्र में स्थिर करके साधना करनी चाहिए। इनके पूजन से अनाहत चक्र जागृत होने की सिद्धियां स्वतः प्राप्त हो जाती है।

## सिवान : आज होगी शक्तिस्वरूपा मां दुर्गा के चतुर्थ स्वरूप कूष्मांडा माता की पूजा

**परवेज अख्तर/सिवान।** नवरात्रि के चौथे दिन रविवार को कूष्मांडा माता का व्रत और पूजा की जाएगी। दारौंदा प्रखंड के बगौरा निवासी आचार्य जितेंद्र मिश्रा ने बताया कि कूष्मांडा माता ने अपनी मुस्कान से ब्रह्मांड की रचना की थी, इसलिए इन्हें सृष्टि की आदिशक्ति के रूप में जाना जाता है। कूष्मांडा माता का रूप बेहद ही शांत, सौम्य और मोहक माना जाता है। इनकी आठ भुजाएं हैं, इसलिए इन्हें अष्टभुजा कहते हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमंडल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जाप माला है। कूष्मांडा माता शेर पर सवार रहती हैं। माता के पूजन से भक्तों के समस्त प्रकार के कष्ट रोग, शोक संतापों का अंत होता है तथा दीर्घायु एवं यश की प्राप्ति होती है। दुर्गा सप्तशती के अनुसार देवी कूष्मांडा इस चराचार जगत की अधिष्ठात्री हैं। जब सृष्टि की रचना नहीं हुई थी उस समय अंधकार का साम्राज्य था। तब देवी कूष्मांडा द्वारा ब्रह्मांड का जन्म होता है, अतः यह देवी कूष्मांडा के रूप में विख्यात हुईं। इस देवी का निवास सूर्यमंडल के मध्य में है और यह सूर्य मंडल को अपने संकेत से नियंत्रित रखती हैं। दुर्गा पूजा के चौथे दिन देवी कूष्मांडा की पूजा का विधान उसी प्रकार है जिस प्रकार शक्ति अन्य रूपों का पूजन किया गया है। इस दिन भी सर्वप्रथम कलश और उसमें उपस्थित देवी-देवता की पूजा करनी चाहिए। तत्पश्चात माता के साथ अन्य देवी- देवताओं की पूजा करनी चाहिए, इनकी पूजा के पश्चात देवी कूष्मांडा की पूजा करनी चाहिए। पूजा की विधि शुरू करने से पूर्व हाथों में फूल लेकर देवी को प्रणाम करना चाहिए तथा पवित्र मन से देवी का ध्यान करते हुए ह्लसुरासंपूर्णकलशं रूधिराप्लुतमेव च.दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्मांडा शुभदास्तु मेङ्क नामक मंत्र का जाप करना चाहिए।

## सिवान : दुर्गा पूजा के दौरान शहर में नहीं चलेंगे बड़े वाहन

**परवेज अख्तर/सिवान।** दुर्गा पूजा को लेकर शहर में भारी भीड़ की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना को देखते हुए यातायात डीएसपी शैलेश प्रीतम ने नए आदेश जारी किए हैं। दस से 12 अक्टूबर तक यातायात के सुगम संचालन व नियंत्रण हेतु (अग्निशमन, एम्बुलेंस, शव वाहन, न्यायिक कार्य से जुड़े वाहन, अन्य इमरजेंसी वाहन को छोड़कर) यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। शहर में बड़े वाहन का प्रवेश पूर्णत वर्जित रहेगा।
- विभिन्न स्थलों एवं चौक चौराहों पर अतिरिक्त यातायात कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। शहर में सभी बड़े वाहनों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। मैरवा से आने वाले गाड़ियों को दरोगा राय कालेज से नई बाईपास की तरफ मोड़ दिया जाएगा। आंदर ढाला से थाना रोड होते हुए बड़ी गाड़ियों का आवागमन पूर्णतः बंद रहेगा। तरवारा मोड़ से गाड़ियों को हरदिया मोड़ की तरफ डायवर्ट कर दिया जाएगा। महादेवा रोड व अस्पताल रोड से शहर की तरफ आने वाली बड़ी गाड़ियों का परिचालन पूर्णतः बंद रहेगा। ललित बस स्टैंड के पंडाल में भीड़ को देखते हुए गोपालगंज से आने वाली गाड़ियों को प्रतिक एजेंसी के निकट डायवर्ट किया जाएगा। मेला के दौरान कचहरी ढाला से बबुनिया मोड़, डीएवी मोड़ से थाना रोड, वीएमएच हाई स्कूल से जेपी चौक, बीएल दास मोड़ से हास्पीटल मोड़ दो पहिया, तीन पहिया, टोटो, ई-रिक्शा, चार पहिया वाहन व अन्य सभी वाहन का प्रवेश वर्जित रहेगा।

## सिवान : खीर का भोग लगा व आरती उतारकर मां चंद्रघंटा की हुई पूजा-अर्चना

**परवेज अख्तर/सिवान।** शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में भक्त शक्ति की अधिष्ठात्री देवी दुर्गा की आराधना में लीन होते जा रहे हैं। शनिवार को श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की। इसको ले मंदिरों व पूजा पंडालों में पूजा के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। आचार्य पंडित उमाशंकर पांडेय ने बताया मां चंद्रघंटा की आराधना व उपासना से साधकों को परम शांति व कल्याण की अधिप्राप्ति होती है। जगतजननी मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप राक्षसों का वध करने के लिए जाना जाता है। मान्यता है कि वह अपने भक्तों के दुखों को दूर करती हैं, इसीलिए उनके हाथों में तलवार, त्रिशूल, गदा और धनुष होता है। माता की उत्पत्ति हीं धर्म की रक्षा और संसार से अंधकार मिटाने के लिए हुई है। माता के मस्तक पर घंटे का आकार का अर्द्धचंद्र होने के कारण ये चंद्रघंटा कहलाई। इनके शरीर का रंग स्वर्ण की तरह चमकीला व कांतिमान होता है। तीसरे दिन उपासक मणिपूर्ण चक्र में प्रविष्ट होते हैं। ऐसा मानना है कि मां चंद्रघंटा की कृपा से साधकों को अलौकिक वस्तु के दर्शन होते हैं। विभिन्न पूजा-पंडालों के अलावा दुर्गा मंदिरों में संध्या माता की आरती की गई। श्रद्धालुओं ने खीर का भोग लगाकर व आरती उतारकर सर्वमंगल की कामना की।

### दुर्गा सप्तशती के पाठ से वातावरण हुआ भक्तिमय

नवरात्र की विशेष पूजा में दुर्गा सप्तशती के पाठ से वातावरण भक्तिमय हो गया है। जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में नवरात्र के अवसर पर नित्य दिन अहले सुबह से ही महिला-पुरुष श्रद्धालु मां जगदंबा की पूजा-अर्चना कर रहे हैं। प्रखंड एवं नगर क्षेत्र की दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों द्वारा अपने-अपने पूजा पंडाल एवं मंदिरों में सजावट तथा निर्माण कार्य की देखरेख की जा रही है। मूर्तिकारों द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शहर के महादेवा रोड स्थित दुर्गा मंदिर, सुदर्शन चौक स्थित दुर्गा मंदिर, डीएवी मोड़ स्थित दुर्गा मंदिर, संतोषी माता मंदिर, कचहरी स्थित काली मंदिर व गांधी मैदान स्थित बुढ़िया माई मंदिर, महादेवा सलेमपुर स्थित दुर्गा मंदिर समेत अन्य मंदिरों के मुख्य द्वार को भव्य एवं आकर्षक रूप से सजाया गया है। इसके अलावा महाराजगंज स्थित जरती माई मंदिर बड़हरिया स्थित यमुनागढ़ मंदिर, दारौंदा के हड़सरी मां का मंदिर, भगवानपुर हाट के खेढ़वा माई मंदिर, मैरवा के चंदनियाडीह दुर्गा मंदिर, भगवानपुर हाट के बिठुन देवी स्थल एवं माघर स्थित भिनिक भवानी मंदिर, लकड़ी नबीगंज के पड़ौली स्थित मां भवानी स्थल पूजा के लिए प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

## राज्य स्तरीय अंतर जिला फुटबाल प्रतियोगिता में बेगूसराय, कैमूर व सिवान टीम बनी विजेता

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय अंतर जिला फुटबाल मैच के दूसरे दिन जिला कला संस्कृति पदाधिकारी सह जिला खेल पदाधिकारी ऋचा वर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त खेल का प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया। साथ ही खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया। शनिवार को पहला मैच बेगूसराय बनाम कटिहार के बीच खेला गया। इसमें बेगूसराय की टीम विजेता बनी। वहीं दूसरा मैच मुंगेर व कैमूर की टीम के बीच खेला गया। इसमें कैमूर की टीम 9 गोल से विजेता बनी। जबकि तीसरा मैच सिवान बनाम खगड़िया के बीच खेला गया। इसमें सिवान की टीम 4 गोल से एक तरफा विजेता बनी। मौके पर फुटबाल संघ के जिला सचिव उमाशंकर प्रसाद, मनोरंजन कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, मखदूम खान, विजय प्रताप सिंह, अरविंद शंकर, शिवेंद्र कुमार, बाल्मीकि कुमार, बृजेश कुमार, संजय पाठक, राधा कुमारी आदि मौजूद थे।

## एसपी ने की पुलिस लाइन की जांच

**सिवान।** एसपी अमितेश कुमार ने शनिवार को पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। एसपी ने बताया कि पुलिस केंद्र अंतर्गत नियमित रूप से आयोजित शस्तिका कक्ष एवं अनुरोध कक्ष का संचालन किया गया। इसमें पुलिस कर्मियों की समस्या से अवगत होकर समस्या के समाधान हेतु संबंधित शाखा को निर्देशित किया गया।

